# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-4

वृहस्पतिवार, तिथि $\frac{\text{19 आषाढ़ 1936 (शा0)}}{\text{10 जुलाई, 2014 (ई0)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 69**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | 21 |
| (2) नगर विकास विभाग | .. | .. | 20 |
| (3) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | 05 |
| (4) कृषि विभाग | .. | .. | 10 |
| (5) पशुपालन एवं मत्स्य विभाग | .. | .. | 05 |
| (6) खाद्य, आपूर्ति एवं वाणिज्य विभाग | .. | .. | 07 |
| (7) सहकारिता विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 69 |

## पानी मुहैया कराना

'क'-*159. श्री नितिन नवीन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत पटना में वार्ड नं० 17, चांदपुर बेला मोड़ स्थित मोटर पम्प से गंदे व बदबुदार पानी की सप्लाई हो रही है, जिससे आमजन उक्त पानी पीने को मजबूर हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार इस संबंध में आम नागरिकों के हित में कबतक शुद्ध पानी मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## योजना पूर्ण कराना

*537. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के कहलगाँव प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम जानीडीह में ग्रामीण जलापूर्ति योजना को 2013 मार्च तक पूर्ण कर जलापूर्ति प्रारम्भ कर देना था, जो अभीतक पूर्ण नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो अबतक उक्त योजना को पूर्ण नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

## नक्शा उपलब्ध कराना

*538. श्री विनय कुमार सिंह --क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर एवं दिघवारा अंचल में आम जनता के लिये नक्शा उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अंचल में नक्शा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## मक्के का मूल्य निर्धारण

*539. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला सहित उत्तर बिहार में मक्के की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है । मक्के के रिकार्ड उत्पादन के बावजूद किसानों को मक्के का सही मूल्य नहीं मिल पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मक्के का मूल्य निर्धारण कर किसानों को मक्के का सही मूल्य दिलाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क' दिनांक 3 जुलाई, 2014 को सदन द्वारा स्थगित ।

## सड़क का पक्कीकरण

*540. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के कसबा पंचायत के महावीर चौक से मध्य विद्यालय होते हुये वर्फ फैक्ट्री तक सड़क ईंट का सोलिंग हुये 25 वर्ष हो गये हैं, लेकिन आजतक सड़क का पक्कीकरण नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

## जलमीनार बनाना

*541. श्री राम नरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्डान्तर्गत नरंगा ग्राम की आबादी पच्चीस हजार से अधिक है, परन्तु एक भी जलमीनार नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव में कबतक जलमीनार बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## कार्रवाई करना

*542. डॉ० अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 4 मई, 2014 के अंक में छपी खबर ''बुडको की धीमी चाल से बिहार को 122 करोड़ का झटका'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य की राजधानी, पटना के सभी वार्डों में स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के लिये पटना वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट की स्वीकृति दी गयी और इसके लिये 426 करोड़ की राशि केन्द्र सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि यह योजना समय पर नहीं पूरी हुई और इसकी वजह से लागत खर्च 122 करोड़ रुपया बढ़ गया;

(3) क्या यह बात सही है कि बढ़ी लागत खर्च 122 करोड़ की राशि को केन्द्र सरकार ने देने से इन्कार कर दिया है और इसे राज्य सरकार को अपने खजाने से देना है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राज्य के राजस्व पर 122 करोड़ रुपये अतिरिक्त व्यय के लिये दोषी पदाधिकारियों और निर्माण एजेन्सी पर सरकार कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## भवन का निर्माण

*543. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के प्रत्येक प्रखण्ड में एक ई-किसान भवन का निर्माण कराया जाना है;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट और पंचदेवरी प्रखण्ड में अभीतक ई किसान भवन का निर्माण नहीं कराया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार व्यापक जनहित में वर्णित प्रखण्डों में ई-किसान भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुक्तिधाम चालू कराना

*544. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा दिनांक 2 फरवरी, 2012 को कार्यपालक अभियंता, नगर परिषद्, सहरसा को मुक्तिधाम निर्माण कर हस्तान्तरित कर दिया गया, परन्तु आजतक वह चालू नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मुक्तिधाम को कबतक चालू कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चापाकल गड़वाना

*545. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पंडौल प्रखंड में वर्ष 2013-14 में 130 चापाकल का क्षेत्रीय विधायक द्वारा अनुशंसित स्थानों की सूची संलग्न कर कार्यपालक अभियंता, मधुबनी को अक्टूबर, 2013 में पत्र भेजा गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि क्षेत्रीय विधायक द्वारा अनुशंसित स्थानों में चापाकल न गाड़कर विभाग द्वारा अन्यत्र स्थानों पर गाड़ा गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई करने एवं अनुशंसित स्थान पर चापाकल गड़वाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कृषि प्रयोगशाला एवं बीज उत्पादन केन्द्र बनाना

*546. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण में कृषि प्रधान तुरकौलिया प्रखंड में कृषि प्रयोगशाला एवं बीज उत्पादन केन्द्र नहीं होने से किसानों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में कृषि प्रयोगशाला एवं बीज उत्पादन केन्द्र बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

लक्ष्य को प्राप्त करना

*547. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना 2007--12 में राज्य में 5,000 पशुधन पर एक पशु चिकित्सालय के मानक को प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जो अभीतक अप्राप्त है, यदि हाँ, तो पशु चिकित्सालय के मानक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये कौन-सी कार्य योजना है जिसे पशुपालक लाभान्वित हो सके ?

जल स्रोत केन्द्र का निर्माण

*548. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज नगर पंचायत में जलमीनार एवं जलापूर्ति केन्द्र का निर्माण कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि जलमीनार एवं जलापूर्ति केन्द्र के बीच से रेलवे लाइन गुजरती है, जिसके कारण पाइप लाइन बिछाने में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रफीगंज नगर पंचायत के जलमीनार के पास ही जलापूर्ति हेतु जल स्रोत केन्द्र निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का जीर्णोद्धार

*549. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत मुंगेर शहरी क्षेत्र में वार्ड नं० 9 के वासुदेवपुर बस बिटठी, आई०टी०सी० क्वार्टर से सिन्हा टोला रेलवे लाइन होते हुये मंगल बाजार मुख्य पथ गायत्री दवाखाना तक कुल लम्बाई 1,600 मीटर, चौड़ाई 20 फीट तक का पथ विगत 20 वर्षों से जर्जर अवस्था में रहने के कारण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर पथ का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है ?

---------

राशन एवं किरासन का उठाव

*550. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवाड़ा प्रखंड के अकीलपुर पंचायत को राशन एवं किरासन तेल का उठाव पटना जिला द्वारा की जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार राशन एवं किरासन तेल का उठाव सारण जिला से कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बकाया राशि देना

*551. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा नगर निगम क्षेत्र के मोहल्ला कटहरवाडी, चूनाभट्ठी एवं लक्ष्मीसागर में रेल ओवर ब्रीज निर्माण हेतु वर्ष 2008 में 205 भू-स्वामियों से भू-अर्जन किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि भू-अर्जन के पश्चात् भू-स्वामियों को 20 प्रतिशत मुआवजा की बकाया राशि अभीतक नहीं दी गयी है;

(3) क्या यह बात सही है कि इस संदर्भ में बकाया भुगतान हेतु एक अभ्यावेदन प्रश्नकर्ता सदस्य ने भी अपने पत्रांक 113, दिनांक 25 सितम्बर, 2012 को तत्कालीन माननीय मुख्य मंत्री जी को दिया था;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भू-स्वामियों का बकाया राशि देना चाहती है, अगर हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*552. श्री संजय सिंह 'टाईगर'--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कोईलवर प्रखण्ड के नरही गाँव में पशु अस्पताल अवस्थित हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल का भवन जर्जर है तथा चहारदीवारी के अभाव में जमीन का भी अतिक्रमण हो रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल के भवन की मरम्मती कराते हुये चहारदीवारी निर्माण करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

जल मीनार बनवाना

*553. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के मेसकौर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत बडोसर, मिर्जापुर, विसियात, तेतरिया, सहवाजपुर सराय एवं मेसकौर पंचायत में भू-गर्भ जलस्तर नीचे चले जाने के कारण अधिकांश चापाकल बन्द है, जिस कारण पीने का पानी नहीं मिल रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम पंचायतों में कबतक चापाकल/मीनी जल मीनार बनवाने का विचार रखती है, ?

------------

ट्यूबवेल लगाना

*554. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी--दिनांक 6 जनवरी, 2014 को स्थानीय समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''दो साल में एक भी ट्यूबवेल नहीं लगा'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कृषि रोड मैप 2012-17 के अन्तर्गत प्रति वर्ष 85 हजार ट्यूबवेल के हिसाब से 5 वर्षों में 425 लाख ट्यूबवेल लगना है, परन्तु दो वर्ष बीत जाने के बावजूद अभीतक एक भी ट्यूबवेल नहीं लगाया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या कारण है ?

------------

जलापूर्ति कराना

*555. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के बिक्रमगंज प्रखण्डान्तर्गत ग्राम दुर्गाडीह, मुरौना, धीवा, अमाथु आदि बिल्कुल सटे-सटे एवं घनी आबादी वाला गाँव है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में उक्त ग्रामों में जल स्तर काफी नीचे चले जाने से पेयजल की भयंकर समस्या उत्पन्न हो जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम दुर्गाडीह में जल मीनार स्थापित कर उक्त ग्रामों में जलापूर्ति कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*556. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया नगर पंचायत में 1, 2, 3, 4, 5, 8 एवं 11 नम्बर वार्ड की सड़कें कच्ची रहने से हजारों लोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वार्डों की सड़कें पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पानी मुहैया कराना

*557. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बी0 एम0 पी0 8 में आयरन मुक्त पानी की व्यवस्था नहीं है, जिससे उक्त बी0 एम0 पी0 के जवानों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बी0एम0पी0 8 को आयरन मुक्त पानी मुहैया करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

झील का सौंदर्यीकरण

*558. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा नगर अवस्थित एक मात्र मत्स्यगंधा झील के सौंदर्यीकरण के लिये सरकार द्वारा दो वर्ष पूर्व बुडको को डी0पी0आर0 तैयार करने के लिये कहा गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बुडको द्वारा आजतक उसके सौंदर्यीकरण के लिये डी0पी0आर0 नहीं तैयार किया गया है, यदि हाँ, तो डी0पी0आर0 तैयार करवाकर सरकार उक्त झील का सौंदर्यीकरण का कार्य कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का जीर्णोद्धार

*559. डॉ0 उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना के पालीगंज प्रखण्ड के सिकरिया, अकबरपुर, चंढ़ोस, कौरी तथा मौरी एवं दुल्हिनबाजार प्रखण्ड के राजीपुर ग्राम में पशुपालन अस्पताल है, जिनका भवन पिछले तीन वर्षों के जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल भवनों के जीर्णोद्धार का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*560. श्री प्रेम रंजन पटेल क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार ने कृषि रोड मैप के तहत सभी प्रखंडों में ई० कृषि भवन निर्माण कराने का निर्णय वर्ष 2008 में लिया था, परन्तु लक्खीसराय जिलान्तर्गत चानन एवं पिपरिया प्रखंड में अभीतक ई० किसान भवन का निर्माण नहीं हो सका है, जिस कारण स्थानीय किसानों को खेती से संबंधित सुविधायें व लाभ मिलने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार लक्खीसराय जिला के चानन तथा पिपरिया प्रखंड में कबतक ई० किसान भवन के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*561. श्रीमती मुन्नी देवी- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत नगर पंचायत, बिहियाँ के वार्ड संख्या 10 एवं 11 को जोड़नेवाली सड़क के दोनों ओर जल निकासी की व्यवस्था न होने से जल-जमाव के कारण सम्पूर्ण सड़क क्षतिग्रस्त होने के साथ ही लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह सड़क पर्यटन स्थल के रूप में विख्यात सती महथिन माई मंदिर, नवोदय विद्यालय समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थानों तक पहुँचने का एक मात्र साधन है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के दोनों ओर जल निकासी हेतु नाला निर्माण कराते हुये क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जलमीनार चालू कराना

*562. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत उजियारपुर प्रखण्ड एवं दलसिंहसराय प्रखण्ड के चांदचौर, जनकपुर एवं चांदचौर, मथुरापुर में जलमीनार का निर्माण एक वर्ष पूर्व हो चुका है, किन्तु उक्त जलमीनार से जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, तो उक्त जलमीनार को चालू नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

भूमि को मुक्त कराना

*563. श्री आनन्दी प्रसाद यादव क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिले के भरगामा अंचल में राजस्व हाट चरैया का अतिक्रमण स्थानीय लोगों द्वारा कर लिया गया है, जिसके संबंध में हाट की अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराने से संबंधित कार्रवाई वर्ष 2007 08 से ही अंचलाधिकारी, भरगामा एवं अपर समाहर्ता, अररिया के स्तर पर लम्बित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अतिक्रमित हाट की भूमि को कबतक मुक्त कराना चाहती है ?

जलमीनार का निर्माण

*564. डॉ० फैयाज अहमद-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण जलापूर्ति हेतु जलमीनार बनाने के लिये गाँव की आबादी 5 (पाँच) हजार होने का प्रावधान किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी विधान-सभा के परसौनी (दक्षिण), छछुआ, बाँका एवं इजरा (रहिका) गाँवों की आबादी लगभग 10-10 हजार से अधिक है, जहाँ जलमीनार की व्यवस्था अभीतक नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में जलमीनार का निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

शौचालय की व्यवस्था

*565. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत बरियारपुर प्रखंड के रतनपुर पंचायत में उब्भी बन वर्षा एवं छोटकी सौतारी में संथाल एवं महादलित बस्ती है, जहाँ उनके परिवार के लोग खुले आकाश में शौच करने को विवश हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों बस्तियों में शौचालय की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*566. श्री रामसुरत राय-- क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2012-13 में सुखाड़ से प्रभावित किसानों को पटवन हेतु छः किस्तों में डीजल अनुदान की राशि भुगतान करना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि औराई विधान-सभा के औराई एवं कटरा प्रखण्ड के किसानों को मात्र दो किस्त की राशि भुगतान कर शेष राशि लौटा दी गई है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों के हित की अनदेखी करने वाले दोषी कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जल जमाव से निजात

*567. डॉ० इजहार अहमद-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना स्थित शास्त्रीनगर में सरकारी विद्यालय, अस्पताल, थाना भवन, वरिष्ट अधिकारियों, विधायकों तथा अनुसचिवीय कर्मियों का सरकारी आवास अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्य सड़क (बेली रोड) से बेल्ट्रॉन होकर गुजरने वाली सड़क जो दुर्गा मंदिर तक जाती है, के बगल में स्थित कॉलनी के बीच में जहाँ-तहाँ सड़क टूट-फूटकर काफी गड्ढा हो गया है, जिसके कारण शास्त्रीनगर स्थित ऑफिसर्स फ्लैट संख्या 7/12 एवं 8/12 सहित तमाम पदाधिकारियों/कर्मचारियों के आवासों में गन्दा पानी का भारी जमाव हो गया है, फलस्वरूप आवास से बाहर निकलने में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऊपर अंकित आवासों एवं सड़कों से जल-जमाव से निजात दिलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जमीन उपलब्ध कराना

*568. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत हरियानी प्रखंड के नरवारा गाँव में दो सौ महादलित परिवार को बसाने हेतु सरकार द्वारा अभीतक जमीन बंदोबस्त नहीं किया गया है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त महादलित परिवारों को बसने हेतु जमीन कबतक उपलब्ध कराने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अंचलाधिकारी की पदस्थापना

*569. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड के अंचल पदाधिकारी का पद, दिनांक 1 मई, 2013 से रिक्त है, जिससे राजस्व एवं अन्य सरकारी कार्य बाधित है, यदि हाँ तो सरकार वहाँ कबतक अंचलाधिकारी की पदस्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

हैचरी स्थापित करवाना

*570. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट प्रखण्ड के मत्स्य पालकों की सुविधा हेतु मछली का हैचरी नहीं है, जिस कारण मत्स्य पालकों को मछली का जीरा लाने के लिये हावड़ा एवं बिहारशरीफ पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे मछलीपालन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखण्ड में कबतक मछली का हैचरी स्थापित करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पानी की व्यवस्था

*571. श्री संतोष कुमार निराला—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत प्रखंड राजपुर के ग्राम घनसोई बाजार एवं डुमराँव प्रखंड के ग्राम-अटाव कोरान सराय की जनसंख्या 15,000 है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाजार में पीने का पानी नहीं मिल पाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जगहों पर पीने के पानी की व्यवस्था करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*572. श्री ललन कुमार—क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघड़ा विधान सभा क्षेत्र 40 पंचायतों का है जिसमें बिरौली, राजगाँव, गैरवा 1 से 6 तक कुल 9 पंचायतों को वर्ष 2013 में खाद्य सुरक्षा कार्ड का वितरण किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत के सम्पन्न परिवार में से प्रश्नकर्ता सदस्य को खाद्य सुरक्षा कार्ड दिया गया है, लेकिन अत्यंत ही गरीब परिवारों को खाद्य सुरक्षा कार्ड नहीं दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तेघड़ा विधान सभा क्षेत्र के सभी पंचायतों को पुन: आर्थिक सर्वेक्षण कराते हुये छूटे हुये गरीब परिवार को खाद्य सुरक्षा कार्ड देने के साथ ही सम्पन्न परिवारों को खाद्य सुरक्षा देने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*573. डॉ० अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा नगर परिषद् अन्तर्गत वार्ड नं० 26 भारतीय नगर में राम सागर यादव मुखिया के घर से हिरा चौरसिया के घर तक पी०सी०सी० सड़क पर नाला नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त सड़क में ढक्कन सहित नाला निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों नहीं ?

---

पानी की सप्लाई

*574. श्री रामायण माँझी—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत गुठनी प्रखण्ड एवं आन्दर प्रखण्ड के मुख्यालय में जलापूर्ति हेतु पाइप लाइन 2008-09 में ही बनकर तैयार है, जो अभीतक चालू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्डों मे कबतक पानी सप्लाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जलापूर्ति कराना

*575. श्री सुबोध राय—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा विगत पाँच वर्ष पूर्व बहुराष्ट्रीय कम्पनी ''पुंज लॉयड'' एवं ''एस०पी०एम०एल०'' को भागलपुर जिला सहित 17 जिलों में जलापूर्ति कार्य कराने की जिम्मेदारी दी गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों कम्पनियों द्वारा अभीतक किसी भी जिला में कार्य पूर्ण नहीं किया गया है और इस मद में आवंटित राशि की निकासी वर्ष 2012 में ही कर ली गयी है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भागलपुर जिला सहित सभी 17 जिलों में कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषियों पर कार्रवाई करना

*576. श्री राहुल कुमार—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि काम्पफेड द्वारा राज्य में बिक्री के लिये विभिन्न श्रेणी के दूध का दर 33 रुपये प्रति लीटर से लेकर 43 रुपये प्रति लीटर तक निर्धारित किया गया है और राज्य के उपभोक्ताओं को इसी दर पर आपूर्ति की जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि काम्पफेड द्वारा बिना निविदा की प्रक्रिया पूरी किये उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के जोया डेयरी को परिवहन शुल्क आदि को छोड़कर 20.88 रुपये प्रति लीटर की दर से दूध की आपूर्ति की जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार इस मामले की कबतक जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पाइपों को बदलना

*577. श्री कृष्णनंदन पासवान—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तुरकोलिया प्रखंड एवं हरसिद्धि बाजार अवस्थित पानी टंकी का बिछा हुआ पाइप कई जगहों पर टूटा हुआ है, जिस कारण पानी सप्लाई बंद है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त टूटे हुये पाइपों को कबतक बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधाएँ प्रदान करना

*578. श्री प्रेम रंजन पटेल—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि 25 हजार की आबादी वाले प्रखंड मुख्यालय को नगर पंचायत का दर्जा देकर शहरी सुविधाएँ प्रदान करना है;

(2) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड मुख्यालय की आबादी 25 हजार से अधिक है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सूर्यगढ़ा प्रखंड मुख्यालय को नगर पंचायत का दर्जा देकर नागरिकों को शहरी सुविधाएँ प्रदान करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

लक्ष्य के अनुरूप खर्च

*579. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दियरा विकास योजना वर्ष 2012-13 में पश्चिमी चम्पारण जिला को 17.180 लाख, कटिहार 18.950 लाख, बेगूसराय 18.200 लाख, पूर्णियाँ 43.930 लाख, शिवहर 14.150 लाख, लखीसराय 12.150 लाख, वैशाली 26.760 लाख, खगड़िया 17.700 लाख, सीवान 23.740 लाख रुपया उपलब्ध कराया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि दियरा विकास योजना के वर्ष 2012-13 में पश्चिमी चम्पारण में 0 प्रतिशत कटिहार में 0.20 लाख, पूर्णियाँ 13.93 लाख, बेगूसराय 6 लाख, मधेपुरा 19.86 लाख, सारण 11.50 लाख, शिवहर 7.25 लाख, बक्सर 11.45 लाख, लखीसराय 7.95 लाख, खगड़िया 13.70 लाख, सीवान 19.50 लाख रुपये मात्र खर्च की गई;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो लक्ष्य के अनुरूप खर्च नहीं होने का औचित्य क्या है ?

लक्ष्य की प्राप्ति

*580. श्री संजय सिंह ''टाईगर''—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र ''दैनिक जागरण'' के दिनांक 2 जून, 2014 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''गुजर गये डेढ़ माह, नहीं हुई छटाक भर गेहूँ की खरीद'' के आलोक में क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीद अभियान 15 अप्रैल, 2014 से शुरू होना था, लेकिन 10 लाख मिट्रिक टन खरीद लक्ष्य के विरुद्ध अबतक कुछ भी गेहूँ की खरीद नहीं हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा अबतक बोनस की घोषणा नहीं होने से खरीद प्रभावित हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसान हित में गेहूँ खरीद के लक्ष्य को प्राप्त करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*581. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि आइसोपोम योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2012-13 में बाँका जिला 24,62,000 लाख, सुपौल जिला को 12,43,000 लाख रुपये आवंटित किया गया था, दोनों जिला आवंटित राशि के विरुद्ध खर्च शून्य की गई;

(2) क्या यह बात सही है कि आइसोपोम योजनान्तर्गत वर्ष 2012-13 में औरंगाबाद जिला 29,79,000 लाख में 4,62,000, भागलपुर जिला को 7,77,000 लाख में 1,32,400 लाख, सहरसा जिला को 12,43,000 लाख रुपये में 3,20,000 लाख, खगड़िया जिला में 11,51,000 में 3,45,000 लाख रु० ही खर्च की गई;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो लक्ष्य के अनुरूप कम खर्च करने वाले दोषी पदाधिकारी पर सरकार कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है ?

---

कार्रवाई करना

*582. श्रीमती मंजु कुमारी—क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रसोई गैस, एल०पी०जी० की बुकिंग के सात दिनों के अंदर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के रोसड़ा नगर पंचायत के लोगों को मे० मोहन गैस सर्विस, भारत पेट्रोलियम के द्वारा विगत एक वर्ष से रसोई गैस का नम्बर लगाने की तिथि से दो माह बाद तक भी गैस की आपूर्ति नहीं की जाती है;

(3) यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रावधान के आलोक में ससमय उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराने तथा उक्त दोषी एजेंसी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मिनी पानी टंकी बनाना

*583. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत उजियारपुर प्रखण्ड के चपता मखनिया टोला, नाजीरपुर, जनकपुर, निकसपुर, रामनगर, महिसारी आदि गाँव के सभी जलाशय सूख गये हैं एवं सरकार की तरफ से जल आपूर्ति की कोई व्यवस्था नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में मिनी पानी टंकी बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शवदाह गृह बनाना

*584. श्री विजय कुमार सिन्हा––क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिला के 21 वर्ष बीत जाने के बाद भी अभीतक यहाँ शवदाह गृह का निर्माण नहीं किया गया है, शवदाह गृह के अभाव में वर्षा के दिनों में तथा दुर्घनाग्रस्त लावारिस लाशों को जलाने मे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार क्यूल नदी के किनारे कहीं भी शवदाह गृह बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जलमीनार चालू कराना

*585. श्री कन्हैया कुमार––क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के सिरदला प्रखंड मुख्यालय स्थित जलमीनार 3 वर्ष पूर्व से बनकर तैयार है, फिर भी उससे जल की आपूर्ति नहीं हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जलमीनार को कबतक चालू करने का विचार रखती है ?

---

शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना

*586. श्री प्रमोद कुमार––क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी एवं पिपरा कोठी प्रखंड में 2005–06 एवं 2007–08 में स्वीकृत जलापूर्ति योजना जैसे मधुबनी घाटी, उत्तरी ठेकहा, पं0 ठेकहा, द0 ठेकहा, लखवरा, पिपराकोठी, सूर्यपुर्य तथा 2009–10 में स्वीकृत मिनीजलापूर्ति योजना बलियारपुर, बासमनपुर, झाखड़ा, पतवला, सलेमपुर, रूलही, परौलिया, बछहा, चंदरहिया एवं मोतिहारी शहर के जलापूर्ति योजना का कार्य अबतक पूरा नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर जिम्मेवार अधिकारी एवं संवेदक पर कार्रवाई करते हुये शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

डीजल अनुदान का वितरण

*587. डॉ0 अब्दुल गफूर––क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सत्तर कटैया, नवहट्टा एवं महिषी प्रखंडों के लिये वर्ष 2013–14 में डीजल अनुदान हेतु एक करोड़, पच्चीस लाख, उन्नीस हजार, एक सौ तिरसठ (1,25,19,163) रू0 जिला कोषागार सहरसा से निकासी कर ली गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त तीनों प्रखंडों में कुल 3068 आवेदन स्वीकृत किये गये हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि चयनित सभी लाभुकों को अबतक डीजल अनुदान का वितरण नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो बचे लाभुकों को सरकार कबतक डीजल अनुदान वितरण करवाना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*588. मो0 आफाक आलम––क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा नगर पंचायत के कसबा पीच रोड एस0एच0 60 से टिकिया टोली आबीद के घर तक सड़क कच्ची है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पानी उपलब्ध कराना

*589. श्री रत्नेश सादा—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखंड सोनवर्षा के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2012–13 में मिनी जलापूर्ति योजना के तहत वैट मुशहरी, काश नगर, शाहपुर आदि गाँवों में सोलर सिस्टम के तहत शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड के पामा, पसपार, सहुरिया आदि पंचायतों में अभीतक इस योजना को चालू नहीं किया गया, जिससे पानी में आयरन की मात्रा ज्यादा होने से लोग बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मिनी जलापूर्ति योजना के तहत् शुद्ध जल से वंचित उक्त ग्रामों को पीने का पानी उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*590. डॉ० अच्युतानन्द—दैनिक समाचार–पत्र के दिनांक 31 अप्रैल, 2014 के अंक में छपी खबर "पैक्स में 145 करोड़ के धान हो रहे बेकार" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2013–14 का 90 हजार टन धान राज्य भर के पैक्सों में बेकार पड़े हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2013–14 के धान की 145 करोड़ रुपये की राशि राज्य खाद्य निगम द्वारा राज्य के पैक्सों को अबतक नहीं दिये गये हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरकारी राजस्व की क्षति के लिये दोषियों पर कार्रवाई करते हुये 90 हजार टन धान को उपयोग में लाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क एवं रोशनी की व्यवस्था

*591. श्री नितिन नवीन—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पटना में गंगा तट पर स्थित घाटों का सौदर्यीकरण वर्ष 2010–11 में किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि महेन्द्रू घाट, काली घाट, पटना समाहरणालय घाट एवं अन्य घाटों के सौदर्यीकरण में राज्य सरकार ने 50 लाख रुपये खर्च किये हैं, परन्तु उक्त घाटों तक पहुँचने हेतु न तो सड़क बनाया गया और ना ही समुचित रोशनी की व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को वहाँ पहुँचने में असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्रद्धालुओं के हित में घाटों तक पहुँचने हेतु सड़क एवं रोशनी की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नियुक्ति करना

*592. श्री अरूण शंकर प्रसाद––स्थानीय दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 8 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक "सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के 800 पद रिक्त" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के कुल स्वीकृत पद 1884 के विरुद्ध 1047 कार्यरत अर्थात 837 पद रिक्त है, इसी प्रकार वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी के कुल स्वीकृत पद 209 के विरुद्ध 88 पद रिक्त अनुमंडल अंकेषण पदाधिकारी के कुल स्वीकृत पद 81 के विरुद्ध 39 पद रिक्त, अंकेक्षण पदाधिकारी के स्वीकृत 419 के सभी पद रिक्त, क्षेत्रीय लिपिक के स्वीकृत पद 475 में 100 पद रिक्त, आशुलिपिक के स्वीकृत पद 10 में 5 पद रिक्त, कार्यालय परिचारी के स्वीकृत पद मे से 195 पद रिक्त, चालक के स्वीकृत पद 37 मे से 21 पद रिक्त है। इस प्रकार कुल मिलाकर 1704 कर्मचारियों एवं पदा० के पद रिक्त पड़े हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पदों के रिक्त रहने से सहकारी संस्थाओं के संचालन एवं किसानों के धान, गेहूँ के अधिप्राप्ति में भारी कठिनाई के साथ कृषि रोड मैप पर भी बुरा असर पड़ रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक रिक्त पदों पर पदाधिकारी एवं कर्मचरियों की नियुक्ति करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

योजना पूरा कराना

*593. श्री सदानन्द सिंह––क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के गोराडीह प्रखंडान्तर्गत मेसर्स पुन्ज लॉयड द्वारा सौर–ऊर्जा द्वारा संचालित जलापूर्ति योजना वर्ष 2010 में ही ग्राम–(1) पिथना (2) अजीजपुर (3) मोलानाचक (4) चकदरिया (5) फैजलपुर (6) डंडाबाजार (7) पाजिलपुर (8) रत्तीचक (9) पहाड़ीस्थान में कार्य प्रारम्भ किया गया था, परन्तु क्रम संख्या (1),(2) एवं (9) पूर्ण होने के बावजूद जलापूर्ति शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो उक्त तीन योजना को चालू कर शेष नौ अधूरा योजनाओं को सरकार पूरा कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*594. श्री राम बालक सिंह––क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत समस्तीपुर शहर में आदर्शनगर मुहल्ला के वार्ड 15 के गली नं०–1इ में श्री विद्यानन्द झा के घर से श्री अजय कुमार सिंह एवं श्री अर्जुन प्रसाद सिंह के घर तक कच्ची सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क सालों भर पानी एवं कीचड़ से भरा रहता है, जिससे सैकड़ों की आबादी को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नही, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*595. श्री अरूण शंकर प्रसाद––स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र मे दिनांक 3 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक "राशन कार्ड त्रुटिपूर्ण सैकड़ों के नाम नहीं" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर, बासोपट्टी एवं खजौली सहित जिला के

अन्य प्रखंडों में आर्थिक जनगणना में अनियमितता के कारण सैकड़ों परिवारों को राशन कार्ड नहीं उपलब्ध कराया जा सका है एवं वितरित किये गये राशन कार्ड भी त्रुटिपूर्ण है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार छूटे हुये परिवारों को भी राशन कार्ड उपलब्ध कराने तथा इसमें लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक,नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

* 596. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंडान्तर्गत मनिहारी नगर में महानन्द चौधरी के घर से छविलाल पण्डित के घर होते हुये रेलवे गुमटी तक की सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार वहाँ, कबतक सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

टंकी का निर्माण

* 597. श्री विक्रम कुँवर——क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि 108 नघुनाथपुर विधान–सभा क्षेत्र, जिला सीवान में क्रमशः फुलवरिया, हरनाथपुर, निखती, बडरम, रामपुर एवं सहदैलपुर गायघाट मे 2010 में छोटा पानी टंकी निर्माण हेतु टेण्डर हो चुका है, परन्तु अभीतक कार्य शुरू नहीं, किया गया हे, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त टंकी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कचरा हटाना

* 598. डॉ० इजहार अहमद—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 3 मार्च, 2014 को प्रकाशित शीर्षक "सड़क किनारे नगर निगम गिरा रहा कचरा" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला स्थित एन०एच०–30, एन०एच०–19, अगमकुआँ की शीतला माता मंदिर से गेटी पहाड़ी एवं विस्कोमान गोलम्बर से शीतला मंदिर जाने वाले रोड मे नगर निगम द्वारा कचरा गिराया जा रहा है जिससे वहाँ के लोगों को परेशानी हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मसौढ़ी, जहानाबाद एवं गया की ओर जाने व आने का मुख्य मार्ग है। सम्पतचक, बैरिया के पास नगर निगम ने कचरा डंप करा रखा है, जिससे वहाँ के लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पड़े कचरे को हटाकर अन्यत्र रखने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाली एवं सड़क का निर्माण

* 599. डॉ० दाउद अली——क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला स्थित बेउर मोहल्ला के जौड़ा कुआँ में श्री विनोद कुमार विमल के घर से श्री देव प्रकाश चौधरी के घर तक नाली एवं पी०सी०सी० सड़क निर्माण हेतु नगर निकाय के पत्रांक 4813, दिनांक 17 सितम्बर, 2012 द्वारा अंके 803800 / रु० का प्राक्कलन राशि स्वीकृत करने का अनुरोध विभाग से किया गया था, उपरोक्त प्राक्कलित राशि की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2012–13, 2013–14 में भी नहीं दी जा सकी है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्राक्कलित राशि की स्वीकृति प्रदान करते हुए शीघ्र निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्यालय खोलना

* 600. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला में कृषि उद्यान कार्यालय नहीं है, जिस कारण कृषि उद्यान से संबंधित योजनाओं एवं बागवानी से संबंधित जानकारी नहीं हो पाती है ;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शिवहर जिला में कृषि उद्यान कार्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 601. श्री विक्रम कुँवर—दिनांक 5 जनवरी, 2014 को हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र में प्रकाशित "डी0 एम0 के अनुरोध पर भी नहीं कार्रवाई" के आलोक में क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, सीवान के पत्रांक 285, दिनांक 9 अगस्त, 2013 के द्वारा जिला प्रबंधक, एस0 एफ0 सी0, सीवान श्री सुमेश्वर पाण्डेय पर गबन एवं वित्तीय अनियमितता करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने हेतु प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य खाद्य निगम को भेजा गया, परन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार गबन एवं वित्तीय अनियमितता करने वाले जिला प्रबंधक, सीवान पर कबतक कार्रवाई करना चाहती है ?

---

पेयजल की आपूर्ति

* 602. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय नगर परिषद् एवं बड़हिया नगर पंचायत में सप्लाई द्वारा लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे पाइप क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण नाली में बहने वाले गंदे पानी पेयजल पाइपों के माध्यम से लोगों तक पहुँच रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इन जर्जर पाइपों को बदलकर स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 603. डॉ0 (मो0) जावेद—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सातभिट्टा मुस्लिम टोला, मझिया रोड, नगरपालिका किशनगंज में एस0 पी0 यू0 आर योजना अन्तर्गत रोड, शौचालय एवं सामुदायिक शौचालय, नाला का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें प्राक्कलन के विपरीत घटिया सामग्री का व्यवहार किया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर संवेदक एवं अभियंता पर उचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आवास नहीं बनाने का औचित्य

* 604. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी—दिनांक 21 दिसम्बर, 2013 को दैनिक जागरण समाचार–पत्र में प्रकाशित शीर्षक 'गरीबों के घर से सरकार ने खींचे हाथ' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समेकित आवास एवं गन्दी बस्ती सुधार योजना के तहत शहरी गरीबों के घर बनाने हेतु वर्ष 2007–14 के बीच 17 नगर निकायों में 20721 आवासों के निर्माण हेतु सरकार ने 582 करोड़ रुपये उपलब्ध कराये थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि इसी योजना के अन्तर्गत पटना में 20372 घर तथा गया में 2000 घर बनाने हेतु सरकार ने अलग से सात सौ करोड़ रुपये की मंजूरी दी थी ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो नगर निकायवार कुल कितने–कितने आवास अभीतक बनाये गये हैं, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

पटना :
दिनांक 10 जुलाई, 2014 (ई0)।

हरे राम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान–सभा।

---

बि0 स0 मु0 (एल0ए0), 53–डी0टी0पी0–450